CMYK

देशबन्धु
संस्कारधानी

5 बिलासपुर

सोमवार 21अगस्त 2023

### उल्टा पुल्टा

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।

मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।

चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।

मिंटू- जाएगा?

चिंटू-जाऊंगा जरूर, मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

# मुख्यमंत्री ने नई तहसील पचपेड़ी का किया शुभारंभ

## पिछले साढ़े 4 साल में जिले में 7 नई तहसीलें





**बिलासपुर**, 20 अगस्त ( देशबन्धु) । बिलासपुर जिले की 12 वीं तहसील के रूप में पचपेड़ी तहसील ने आज से आकार ले लिया है। मस्तूरी तहसील के 24 पटवारी हल्का के 68 गावों को अलग करके इस तहसील में शामिल किए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के शुभ मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद से वीसी के जरिए जुडकर पचपेड़ी समेत राज्य में 18 नई तहसीलों का शुभारंभ किया।

जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष एवं पचपेड़ी से वर्चुअली शामिल होकर जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस शुभ अवसर के गवाह बने। गौरतलब है कि पिछले लगभग 5 सालों में राज्य सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए बिलासपुर जिले में 7 नए तहसील बनाए गए हैं। इनमें पचपेड़ी सहित बेलतरा, बोदरी, सीपत, बेलगहना, रतनपुर और सकरी शामिल हैं।

सभी तहसील अस्तित्व में आ गए हैं। नजदीक में तहसील कार्यालय की सुविधा मिल जाने से उन्हें राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूर जाना नहीं पड़ रहा है। इससे समय और धन दोनों की एक साथ बचत हो रही है। पचपेड़ी के प्रथम तहसीलदार के रूप में श्री अप्रतिम पाण्डेय की नियुक्ति की गई है। फिलहाल एक पुराने ग्राम पंचायत भवन से तहसील कार्यालय का संचालन शुरू किया गया है।


इस अवसर पर जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय,सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक, कलेक्टर संजीव झा, सीईओ अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरुवंशी और पचपेड़ी में आयोजित समारोह में विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, एसडीएम बजरंग वर्मा, सीईओ पीयूष तिवारी, तहसीलदार राठौर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं किसान मौजूद थे।

## संपादकीय

### लोगों के बीच पहुंचेगा प्रशासन

*प्रशासनिक कामकाज की दृष्टि से सबसे छोटी व महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई तहसील होती है। तहसीलदार इसके प्रमुख होते हैं, जिन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी होते हैं। छत्तीसगढ़ नए राज्य के रूप में 1 नवम्बर 2000 को अस्तित्व में आया था। उस समय 16 जिलों का यह राज्य था। यह महसूस किया गया कि लोगों तक प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ वाले हिस्से में जिलों के पुनर्गठन की सिफारिश जिला पुनर्गठन आयोग ने कर दी थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पा रहा था क्योंकि राजनैतिक नहीं बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी छत्तीसगढ़ के हिस्से के प्रशासन और विकास पर नजर ही पड़ पाती थी। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से यह हिस्सा वैसे भी काफी दूर पड़ता था। पृथक राज्य बना तो सरकार ने प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने के लिए जिलों के पुनगर्ठन की प्रक्रिया शुरु की। आज जिलों की संख्या 33 हो गई है। जब जिले बढ़े तो अनुविभागों और तहसीलों की संख्या भी बढ़ती चली गई। अब राज्य में 122 व 250 तहसीलें हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी की जयंती पर 20 अगस्त को 13 अनुविभाग व 18 नई तहसीलों का वर्चुअल शुभारंभ किया। अब लोगों को इन कार्यालयों में होने वाले कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे उनका समय और खर्च दोनों बचेगा। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो प्रशासनिक खर्च बचाने की भी चिन्ता थी। तत्कालीन वित्त मंत्री डा.रामचंद्र सिंहदेव ने राज्य में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए इस पर अधिक जोर दिया। मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे, जो प्रशासनिक अधिकारी रह चुके थे। उन्होंने संभागायुक्त कार्यालयों को बंद करने का फैसला कर लिया। बाद में डा. रमन सिंह सरकार ने कार्यालयों की उपयोगिता महसूस हुई और सभी संभागायुक्त कार्यालय बहाल कर दिए गए। जिलों के साथ अनुविभागीय और तहसीलों की संख्या बढ़ती चली गई। कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल के इस जमाने में कई सहकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई है। अब सरकारी कार्यालयों में भौतिक रूप से छानबीन और सुनवाई से जुड़े मामले ही देखें-सुनें जाते हैं। नए अनुविभागों व नई तहसीलों के गठन से इन न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारा तेजी से होगा। जमीन के बंटवारे, सीमांकन आदि के लिए लोगों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार इन सब मामलों को साथ कानून-व्यवस्था का काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। प्रशासनिक इकाइयां क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटी होती हैं तो प्रशासनिक कार्यों के साथ ही विकास में तेजी आती है। नए जिलों के गठन के बाद वहां विकास में आई तेजी देखी जा सकती है। लोगों में भी अधिकारों के प्रति जागरूकता आती है। उनके लिए हर छोटे-बड़े काम के लिए भी सरकारी कार्यालयों के दरवाजे पर दस्तक देना आसान हो जाता है। छत्तीसगढ़ आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है और सरकार की प्राथमिकताएं बदल चुकी है। खर्च से ज्यादा चिन्ता प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाने की है ताकि वे सरकार की विकास योजनाओं का लाभ आगे आकर ले सकें। नए अनुविभाग और नई तहसीलों में पदस्थ अधिकारी लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे और योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।*

## सार-संक्षेप



### त्रिलोक ने सहयोगियों सहित किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**बिलासपुर**,20 अगस्त ( देशबन्धु) । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बिलासपुर प्रवास के दौरान जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता, पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने जैन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ग्राउंड हेलीपैड पर साफा और बुके के साथ मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के जनहित कार्यो संबंधी आवेदन भी मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र श्रीवास के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोरी लाल गुप्ता शिवा मुदलियार मनोज श्रीवास पंडित महेश मिश्रा मुकेश अग्रवाल, पंडित नीलय शर्मा ,राहुल गोरख कान्हा गोरख मंगल वाजपेई दीपक कश्यप आयुष सिंह राज चरण सिंह राज कौशल श्रीवास्तव गणेश वर्मा शालिग्राम यादव दिनेश ठाकुर पार्थ आदि जन उपस्थित थे।

### घुटकू में प्रवीण झा ने फहराया तिरंगा



**बिलासपुर** , 20 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर के ग्राम घुटकू में फिल ग्रुप प्लांट में चेयरमेन प्रवीण झा ने अपने दोनों बेटों सहित अपने प्लांट में तिरंगा फहराया और आजादी के इस शुभ अवसर पर सभी को भोजन कराया। प्रवीण झा ने कहा कि आजादी हमें खून बहाकर और न जाने कितने लाल के बिछड़ने से मिली थी, ये हम देशवासियों के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है जिसमें सारा हिन्दुस्तान इसको बड़े उत्साह और प्रेम से मनाता है, स्वतन्त्रता की इस खुशी में अपने आप को खोकर हमें उन लोगों को भी याद करना चाहिए जिन्होंने हमारी खुशी के लिए अपनी जान तक न्यौछावर कर दी।

### गायत्री मंदिर चौक में रविंद्र ने किया ध्वजारोहण



बिलासपुर,20 अगस्त ( देशबन्धु) । विनोबा नगर वार्ड क्रमांक 27 के युवा पार्षद रविन्द्र सिंह ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर गायंत्री मदिर चौक मे ध्वजारोहण कर सलामी दिया। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव रविन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि देश को आजादी दिलाने मे महात्मा गांधी जवाहर लाल नेहरु नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानीयो का बडा योगदान है। भारतवासी लाठी डन्डा गोली खाकर भारत मॉता को आजादी दिलाई। इस अजादी व ध्वज का रक्षा करना। देश के एकता व अखण्डता को बनाये रखना हम सभी का दायित्व है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पुर्व अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिक व बच्चो को मिठाई व फल वितरण किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से हरीश तिवारी शिवा मुदिलयार रामु शुक्ला किशोरलाल गुप्ता रजीत खनुजा चन्द्रनाथ चटर्जी चन्द्रहास शर्मा उतम चटर्जी विजय दुबे कमल अग्रवाल चन्द्रहास केशरवानी सजय दवे परेश श्रीवास्तव संतोष पांडेय संगीत मोईत्रा राघवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# चंद्रप्रकाश सूर्या के नेतृत्व में 400 महिलाएं भाजपा में हुईं शामिल



**बिलासपुर** , 20 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोहराबोर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मोर्चा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या के समक्ष 300 से ज्यादा , मातृशक्ति भाजपा में हुए शामिल, सभी ने कहा मोदी है तो मुमकिन है, छत्तीसगढ़ में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे लबरा ठगेश बघेल कांग्रेस की सरकार को सबक सिखाएंगे ।

जब से कांग्रेस की सरकार आई है प्रधानमंत्री आवास छीन लिया, गरीबों का चावल खा गए। शराबबंदी नहीं किया, मितानिन ओं को ठगा, स्व सहायता समूह को ठगा, रेडी टू ईट का काम छीन लिया, मातृशक्ति को ठगने का काम किया है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए हम सब तैयार हैं , 20 समूह के पदाधिकारी जिसमें नारी शक्ति समिति ,जय महामाया समिति ,जय दुर्गा माता समिति, जय बूढ़ादेव समिति, बोल बम समिति, जय मां डिंडेश्वरी समिति, जय मां शीतला माता समिति,आदि समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# भट्ठी जाने बाइक नहीं दी, शराबियों का सैलून संचालक पर जानलेवा हमला

**बिलासपुर**,20 अगस्त (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली क्षेत्र में सैलून दुकान चलाने वाले ने शराबियों को अपनी मोटरसाइकिल नहीं दी। जिससे वे भड़क गए और हथियार से उस पर हमला कर दिया। युवक को बचाने उसका भाई दौड़ा तो आरोपितों ने उस पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसे गंभीर चोटें आईं. पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के उदई चौक निवासी संतोष श्रीवास पिता जोधन प्रसाद (38) की चौक पर ही सैलून दुकान है. उसने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त की देर शाम गजेन्द्र यादव उर्फ मोगिया वहां पहुंचा और शराब दुकान जाने के लिए बाइक मांगा। इस पर उसने बाइक देने से मना कर दिया। इस पर गजेन्द्र और उसके भाई छोटू यादव ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी ।तभी, बीचबचाव करने के लिए उसका भाई सन्नू श्रीवास दौड़ा. इस पर आरोपितों ने उसके ऊपर भी किसी धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद सभी आरोपित वहां से फरार हो गए। इस घटना से सन्नू को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

### घटना के 3 दिन बाद भी आरोपी फरार

16 अगस्त की शाम आरोपियों ने हथियार से युवक पर हमला किए थे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी। इसके बावजूद घटना के तीन दिन बाद भी आरोपित पुलिस पकड़ से बाहर है। हालांकि पुलिस अभी तलाश करने का दावा कर रही है, पर सभी आरोपित खुलेआम शहर में घूम रहे हैं। जबकि घायल युवा के का इलाज चल रहा है उनके सिर परपांच से आठ तक के लगे हैं।

## लघु वेतन शिक्षा विभाग समिति ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर**,20 अगस्त ( देशबन्धु) । आज लघु वेतन शिक्षा विभाग समिति जिला शाखा बिलासपुर के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से विभागीय पदोन्नति 25 प्रतिशत के बंधन को समाप्त कर 50प्रतिशत करने ज्ञापन सौंपा गया।

उक्त अवसर पर चन्द्रशेखर पाण्डेय कार्य.जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर,प्रमोद भारद्वाज अध्यक्ष ब्लाक शाखा तखतपुर, नरेन्द्र पाठक,आर के बांदले,गंगाराम गेंदले जिला अध्यक्ष बिलासपुर शब्बीर अंसारी, दिनेश कुमार श्रीवास, ईश्वर राजा, अनुसूया श्रीवास, चुन्नीलाल देवांगन, प्रवीण शर्मा शैलेंद्र पटेल, सलीम कुमार, चंद्रशेखर सूर्यवंशी किशोर चंद्र मानिकपुरी, प्रीति सिंह राजपूत, शिवराज माती तोड़कर विजय भारद्वाज किशोर दास मानिकपुरी, दीपक श्रीवास, ईश्वर राजा, जीवन लाल यादव देव कुमारी भारती, सुग्रीव प्रसाद केवट, संतोष कुमार साहू, राजकुमार ध्रुव, विजय कुमार कुर्रे, चुन्नी लाल देवांगन, लक्ष्मण भाई, गंगा प्रसाद गेंदले, बसंत कुमार सहित जफर इकबाल खान उपस्थित रहे।

# सिम्स में एमबीबीएस के लिए पहले राउंड की प्रवेश प्रक्रिया पूरी



बिलासपुर,20 अगस्त ( देशबन्धु) । सिम्स में पहले राउंड की एडमिशन प्रक्रिया 20 अगस्त रविवार को संपन्न हुई 16 अगस्त को एमबीबीएस ऐडमिशन के स्टेट कोटे का 16 अगस्त से पहले राउंड की 143 सीट के लिए एडमिशन प्रारंभ हुआ था। 20 अगस्त तक 139 लोगों ने प्रवेश लिया इसी के साथ सिम्स चिकित्सालय के पहले दौर के एडमिशन प्रक्रिया समाप्त हुई दूसरे दौर के लिए शासन द्वारा दिशा निर्देश जारी किया जाएगा। सिम्स में नव प्रवेश 139 बच्चों जो छत्तीसगढ़ के सभी जिले जिसमें सबसे ज्यादा भिलाई जगदलपुर कोंडागांव और रायपुर के छात्र छात्रों ने प्रवेश लिया प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों के अभिभावकों ने संतोष जताया और सिम्स प्रबंधन अधिकारी कर्मचारियों की सराहना की।

## रेलवे स्टेशन के पास महिला की मिली लाश

**बिलासपुर** , 20 अगस्त (देशबन्धु)। आज दोपहर के 1 बजे तोरवा थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक सड़ी गली लाश जो कि किसी महिला की है जिसकी उम्र लगभग 50 - 55 वर्ष है रेलवे स्टेशन के सामने सुलभ कांप्लेक्स के पीछे जो मेंस यूनियन का पुराना कार्यालय हुआ करता था वहाँ पड़ी हुई है। तोरवा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार महिला योगी मृत पाई गई है । प्रथम दृष्टांत में एक भिक्षुक लग रही है जो भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन करती है किसी कारण वर्ष वह इस पर क्षेत्र में अंदर घुस आई और निकल नही पाने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई है। महिला की लाश लगभग 8 से 10 दिन पुरानी हो सकती है।



# प्रकृति को संवारने और भविष्य को बचाने का उपाय वृक्षारोपण- शैलेष

## जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थानों और आमजन ने मिलकर किया पौधारोपण

**बिलासपुर**,20 अगस्त ( देशबन्धु) । कहा जाता है एक वृक्ष सौ पुत्रों के बराबर होता है और पर्यावरण को सालों साल तरोताजा रखने का एकमात्र उपाय है वृक्षारोपण जिस तरह से पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती जा रही है प्रदूषण लोगों की स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है और जिस तरह मनुष्य प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहा है उसे रोकने के लिए पर्यावरण प्रेमियों द्वारा लगातार वृक्षारोपण कर पर्यावरण और भविष्य को बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इसी तरह समय में आज बिलासपुर के वसुंधरा नगर रिंग रोड में स्थित चींस गार्डन में जनप्रतिनिधियों समाज सेवी संस्थानो ने मिलकर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया और 100 से अधिक पौधों लगाएं।

बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे ने संदेश देते हुए कहा कि, प्रकृति को सवारने और भविष्य को बचाने का एकमात्र उपाय वृक्षारोपण है। जितना महत्व मानव सेवा नारायण सेवा का है उतना ही महत्व आज वृक्षों के सेवा का भी माना जाता है जिस तरह से पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का असर देखने को मिल रहा है, उसे सिर्फ वृक्षारोपण और सघन वनों के जरिए ही रोका जा सकता है, इसलिए हर मौके पर वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल की जानी चाहिए।



कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि, प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखना और जीवन को स्वस्थ रखने में वृक्षों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है हम अपने बाहरी शरीर को जिस तरह साफ रखते हैं इस तरह शुद्ध वायु भी शरीर के आंतरिक भागों को शुद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति को हरा भरा बनाना चाहिए ।कार्यक्रम में मौजूद योग आयोग के सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण के कार्य को मानव जीवन के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की तरह होना चाहिए, प्रकृति में अगर हम सांस ले रहे थे वह वृक्षों के कारण ही ले रहे हैं जिस तरह योग से हम शरीर को स्वस्थ रखते हैं उसी तरह स्वच्छ वायु शरीर के एक एक हिस्से को प्रभावित कर उसे फायदा और नुकसान पहुंचाता है। रोजमर्रा जिंदगी में हम जितना धूल कंकर हवाओ के द्वारा अवशोषित करते हैं वह हमें बहुत बीमार बनाने के लिए काफी है लेकिन सुबह की स्वच्छ हवा हमारे शरीर को संतुलित रखकर हमें स्वस्थ रखने में सहायता प्रदान करती है और वह सिर्फ वृक्षों के कारण ही हो पाता है ।वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जनता कांग्रेस जोगी छत्तीसगढ़ के शहर अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष सिर्फ हमें ताज ऑक्सीजन ही नहीं देते बल्कि हमारे लिए जरूरी जल को जमीन में एकत्रित कर रखते हैं जिससे हमें स्वच्छ जल प्राप्त होता है, इसलिए वृक्षारोपण अधिक से अधिक करना चाहिए वृक्षों की वजह से ऑक्सीजन की मात्रा वायुमंडल में बढ़ती है और ओजोन परत को बेहतर होने में मदद करती है, इसलिए हर एक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने जीवन काल में सालों साल वृक्षारोपण को महत्व देकर अधिक से अधिक पर लगाएं और प्रकृति के प्रति अपने कर्ज को चुकाएं।

## सार-संक्षेप

### सद्भावना दिवस पर भादा में शपथ तथा ग्रामीण खेल का आयोजन




**कोरबा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सद्भावना दिवस के अवसर पर गोदग्राम भादा में दिवा शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 79 जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में आयोजित करने तथा देश के नवनिर्माण में उनके योगदान की चर्चा करते हुए सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई गई। दिवा शिविर का प्रारंभ हसदेव नदी के तट पर बनाए गए अमृत वाटिका में प्रार्थना, योगाभ्यास, प्राणायाम व ध्यान से हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु मिलकर श्रमदान किया। सद्भावना दिवस पर खेल के माध्यम से ग्रामवासियों में आपसी सद्भाव, एकता और एकजुटता का विकास करने के लिए बच्चों को साथ लेकर कबड्डी, फुगड़ी तथा रूमाल झपट्टा आदि खेल खिलाकर स्थानीय खेलों के महत्व से परिचित कराया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसवकों ने पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत या अपात्र व्यक्तियों का नाम विलोपित करने, आधार क्रमांक को मतदाता परिचय पत्र से जोड़ने तथा दिव्यांग मतदाता को चिन्हित करवाने की जानकारी घर-घर जाकर प्रदान की। वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा वोटर सर्विस पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम के शिवकुमार यादव, श्रीमती अंजलि यादव, फिरतराम यादव आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। दीवा शिविर के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रो. वाय.के. तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी जी एम उपाध्याय स्वयंसेवक शनि राव जगताप, देवांश कुमार, आंचल यादव, वर्चला तिवारी, सुरेश दास महंत, किशन यादव, आशीष यादव, उदय दास महंत, धीरज यादव, रितिक यादव, साहिल दास, अन्नुलता महंत, अंकुश यादव आदि का योगदान रहा।

### एसडीएम पहुंचीं मतदान केंद, बीएलओ और अभिहित अधिकारियों को नोटिस



कोरबा-पाली, 20 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश भर के मतदान केंद्रों में इन दिनों विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित लोग मतदाताओं के नाम विलोपन तथा त्रुटि सुधार व स्थानांतरण के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। मतदान केंद्रों में अभिहित अधिकारियों को तैनात किया गया है। साथ ही विशेष शिविर शनिवार व रविवार को बीएलओ भी मतदान केंद्रों में उपस्थित रहेंगे। विशेष शिविर का अवलोकन अधिकारियों के द्वारा किया जाता है। इस कड़ी में आज मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का निरीक्षण करने पाली एसडीएम सुश्री रूचि शार्दुल पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान पोड़ी, पोलमी, सिल्ली, परसदा, शिवपुर, बापापुती, निरधी, धावा, पुलालीकला, रतखंडी, जेमरा एवं बगदरा के मतदान केंद्रों के बीएलओ को सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत प्रतिशत पंजीयन हेतु निर्देशित किया। मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की गई साथ ही शांति पूर्वक मतदान निपटाने हेतु अति संवेदन शील, संवेदन शील केंद्रों की भी जानकारी उन्होंने ली। निरीक्षण के दौरान विशेष शिविर में अनुपस्थित पाए गए धावा मतदान केंद्र के बीएलओ कैलाश कुमार कश्यप और पोलमी के अभिहित अधिकारी भुनेश्वर मैत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने तहसीलदार पाली को निर्देशित किया। इस दौरान पाली तहसीलदार सूर्यप्रकाश केशकर, नायब तहसीलदार सुनील कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### लापरवाही की भेंट चढ़ा बैल, करंट से गई जान



कोरबा-छुरीकला, 20 अगस्त (देशबन्धु)। । बिजली विभाग की लापरवाही से ग्राम लोतलोता में एक बैल की करेंट से मौत हो गई। बैल की क्षतिपूर्ति को लेकर ग्रामवासियों द्वारा मांग की जा रही है।

कटघोरा विकासखण्ड के अतंर्गत ग्राम लोतलोता में विद्युत प्रवाह के लिए ट्रासफार्मर लगायें गये हैं जिसके केबल पुराना होने से अस्त-व्यस्त हो कर जगह-जगह कटे हुए हैं जिसमें ग्राम के हीरालाल यादव नामक कृषक के बैल की करंट प्रवाहित तार में चिपकने से मौत हो गई। इसकी सूचना जीवन यादव ने विघुत वितरण केंद्र में दिया गया परंतु विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कई घण्टे बाद भी घटना स्थल पहुंच कर किसी प्रकार की जायजा व निरीक्षण नहीं किये। कृषक हीरालाल यादव ने बताया कि कृषि कार्य हेतु खेत गिरवी रख 50 हजार में एक जोड़ी बैल खरीदा था। कृषि कार्य चल ही रहा था कि घटना घट गई। अब एक ही बैल होने से कृषि कार्य रुक गया है। इस सबंध मे जीवन यादव का कहना है बिजली विभाग की लापरवाही से घटना हुई है। ट्रासफार्मर में लगे केबल पुराना होने से अनेक स्थानों से कटे व छिले हैं जिसे सुधारने के लिए विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को मौखिक व दूरभाष से सूचना दी गई परंतु अधिकारियो की कुभकंर्णीय नीद नहीं टूटी जिसका खामियाजा कृषक को भुगतना पड़ा है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग द्वारा उक्त कृषक को क्षतिपूर्ति राशि नहीं दी गई तो वितरण विभाग के खिलाफ ग्रामीण कृषकों द्वारा जन आंदोलन किया जायेगा ।

# घर से आलमारी बाहर निकालकर लाखों की चोरी

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी छोड़ असली सोना ले गए चोर



**कोरबा-उरगा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। उरगा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरईडीह में सनसनीखेज किन्तु संदेहास्पद चोरी की वारदात हुई है। पिछली रात हुए वारदात में लाखों रूपए की चपत ग्रामीण को लगी है। पुलिस द्वारा सूचना बाद मौका-मुआयना किया गया। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पताढ़ी में स्थित नर्सरी में सुखलाल कंवर माली बतौर कार्यरत है। उसका निवास ग्राम सरईडीह में है जहां पत्नी और बच्चों के साथ निवासरत है। 19-20 अगस्त की मध्य रात्रि उसके घर में चोरी हो गई। जिस तरह से वारदात होना बताया गया है, मामला संदेहास्पद है। उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी ने बताया कि कई बार टेलीफोनिक संपर्क के बाद भी सुखलाल कंवर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना नहीं पहुंचा। सूचना पर पुलिस ने अपनी प्रारंभिक पड़ताल जरूर की है। सुराग तलाशने के लिए खोजी डॉग बाघा को भी यहां बुलाया गया था। जांच-पड़ताल के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी मौजूद रहे और उनके लिए भी चोरी का तौर-तरीका चौंकाने वाला रहा।

#### भीतर से बंद गेट का ताला बाहर से तोड़कर घुसे चोर

बताया गया कि चोरों ने घर के भीतर घुसने के लिए मुख्य चैनल गेट में भीतर से लगे हुए बंद ताला को तोड़ा और प्रवेश किए। भीतर हॉल और उससे लगे कमरे में मौजूद आलमारियों में रखे सामानों की चोरी की गई। हॉल में सुखलाल कंवर और उसकी पत्नी तथा कमरे में उसकी विवाहिता पुत्री व अन्य परिजन सोए हुए थे, लेकिन किसी को भी जरा सी आहट चोरों के आने-जाने तक नहीं हुई।

चोरों ने पति-पत्नी के सोए हुए स्थल के पास मौजूद कमरे में प्रवेश कर आलमारी को खंगाला। दूसरे कमरे में जहां अन्य लोग सोए थे वहां से लोहे की आलमारी को उठाकर बाहर तक ले आए और गैंती के सहारे तोड़कर चोरी की। इस आलमारी का लॉकर पहले से खुला हुआ था जिससे चोरों को आसानी हुई और इसमें मौजूद सामानों को पार कर दिया।

#### असली-नकली की पहचान

घटनास्थल पर मौजूद लोगों में इस बात की चर्चा रही कि चोरों को असली-नकली की पहचान थी। ऐसा इसलिए क्योंकि परिजन के बताए अनुसार चोरों ने सभी आर्टिफिशियल ज्वेलरी को छोड़ दिया और असली सोने के जेवरात सहित अन्य सामान अपने साथ ले गए। चोरों की इस हरकत की जहां चर्चा गांव में है वहीं इस बात पर भी आश्चर्य जता रहे हैं कि मुख्य गेट पर भीतर से बंद ताला आखिर चोरों ने बाहर से कैसे तोड़ा?

#### नशीली दवा का छिड़काव करने की आशंका

दूसरी तरफ पीड़ित सुखलाल ने इस बात की आशंका जाहिर की है कि चोरों ने किसी नशीली या बेहोशी वाली दवा का छिड़काव कर दिया था जिसके कारण उनके बगल के ही कमरों से चोरी हुई और आलमारी को उठाकर बाहर तक ले गए लेकिन किसी को भी जरा सी आहट नहीं हुई। यह भी बताया कि मुख्य द्वार का चैनल गेट जाम भी है जो आसानी से पूरा नहीं खुलता तो उसे पूरा खोलकर आलमारी बाहर ले गए। प्रबल संभावना है कि चोरी में किसी जानकार का हाथ है।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना में कोरबा के किसानों को 37.21 करोड़ से अधिक का भुगतान

### मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ रूपए का किया ऑनलाईन भुगतान

**कोरबा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती ''सद्भावना दिवस'' के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अति विशिष्ट अतिथि थे। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में कोरबा कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व मंत्री के साथ सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ''राजीव गांधी किसान न्याय योजना'' के हितग्राहियों को योजना की दूसरी किश्त के रूप में 1810 करोड़ रूपए का भुगतान किया। इस राशि को मिलाकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 24.30 लाख किसानों को अब तक 21 हजार 912 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। इस योजना के तहत कोरबा जिले के 45 हजार 480 किसानों को दूसरी किस्त के रूप में 37 करोड़ 21 लाख रुपए



से अधिक का ऑनलाइन भुगतान किया गया।


इसी तरह राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में कोरबा जिले के 10 हजार 81 हितग्राहियों को 3 करोड़ 2 लाख 43 हजार रूपए का ऑनलाइन भुगतान किया गया, जिनमें 9923 ग्रामीण क्षेत्र के और 158 हितग्राही शहरी क्षेत्र के शामिल हैं। श्री बघेल ने राजीव युवा मितान क्लबों को 66.21 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया। गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 9.65 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया। श्री बघेल ने मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना के तहत गैर अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को 1.11 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण किया। इसी के साथ 18 नवीन तहसीलों एवं 13 अनुविभागीय कार्यालयों का वीडियो कॉन्फ्रेंस से शुभारंभ किया। इन्हें मिलाकर प्रदेश के 33 जिलों में 122 राजस्व अनुविभाग तथा 250 तहसील हो गए हैं।

## विजय वेस्ट भूमिगत कोयला खदान क्षेत्र में भू-धंसान दरार

### ऊर्जाधानी संगठन ने निरीक्षण कर ग्रामीणों से की मुलाकात

**कोरबा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के अंतिम छोर में स्थित एसईसीएल की चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत विजय वेस्ट भूमिगत कोयला खदान में भूधसान एवं दरार आने की शिकायत मिलने पर ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति की एक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के सरपंच, और जनप्रतिनिधियों के साथ प्रभावित एरिया का मुआयना किया। एसईसीएल प्रबन्धन द्वारा जान-माल की सुरक्षा की अनदेखी सामने आई है। इसकी शिकायत खान सुरक्षा निदेशालय धनबाद को की गई है ।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि विगत दिनों एसईसीएल की चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत विजय वेस्ट भूमिगत कोयला खदान में डी-पीलरिंग के कारण भूधसान एवं दरार का अवलोकन किया गया जिसमें स्थानीय प्रबन्धन द्वारा आमजनो की जानमाल की सुरक्षा को ताक में रखकर कार्य करना स्पष्ट होता है । डीपीलरिंग करने के कारण कई एकड़ क्षेत्रफल में धसान व दरारें आयी है। एक स्थान पर सुरंग बन गया है। एक स्थान पर 5 फिट जमीन नीचे धँस गयी है। गांव के घरों एवं खेतों में भी दरारें आने की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किया गया, डी-पीलरिंग करने से पूर्व आसपास के पंचायतों से अनापत्ति नही लिया गया है और न ही आमजनों को इसके बारे में जानकारी दी गयी है डीपीलरिंग क्षेत्र को डेंजर जोन/सेफ्टी जोन घोषित कर घेराबंदी नही की गई है । घटना होने के बाद दरारों में मिट्टी फीलिंग कर छुपाने का प्रयास किया जा रहा है



आवश्यक सुरक्षा उपाय नही किया गया है । संगठन की ओर से इसकी शिकायत निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद को पत्र के माध्यम से करते हुए कलेक्टर कोरबा और एसईसीएल के उच्चाधिकारियों से भी कार्यवाही करने के लिए अवगत कराया गया है। मांग की गयी है कि उक्त घटना की सूक्ष्म जांच कर सुरक्षा की अनदेखी करने वाले सबन्धित अधिकारियों पर कार्यवाही करने तथा घटना के कारण प्रभावित लोंगो को राहत दिलाने हेतु उचित कार्यवाही किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में सपुरन कुलदीप, विजयपाल सिंह तंवर, रुद्र दास महंत , ललित महिलांगे , बसन्त कुमार कंवर , संतोष चौहान, विष्णु बिंझवार, दीपक यादव, सतीश चंद्र पसान सरपंच प्रतिनिधि रामशरण तंवर पोड़ी कला सरपंच सोम्मर सिंग पत्रकार जुबेर खान , मोहम्मद अफरोज खान बाबूलाल पाडो भीम सिंग मरावी सुशील नायक शंकर मरावी कल्याण सिंह इतवार सिंह सहित स्थानीय लोग शामिल थे ।

## महिला पर भालू का हमला, गंभीर

**कोरबा-बालकोनगर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बेला के जंगल में लकड़ी लेने गई एक महिला पर भालू ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार बालको थानांतर्गत ग्राम बेला निवासी महेत्तरीन बाई धुनहार 35 वर्ष जंगल में लकड़ियां लेने के लिए गई थी। इस दौरान उस पर एक भालू ने हमला कर दिया। एकाएक हुए हमले से महिला ने किसी तरह खुद को बचाया और गांव की ओर भागी। आसपास मौजूद लोगों ने उसकी मदद की और भालू को भगाया। डॉयल 112 को घटना की सूचना दी गई। 112 में तैनात जवान संदीप रात्रे व अन्य ने महिला को बालको अस्पताल में भर्ती कराया। महिला का उपचार जारी है। उसकी हालत फिलहाल गंभीर किन्तु खतरे से बाहर बताई जा रही है।



## बड़े झाड़ के जंगल में बेधड़क अवैध कब्जा, शिकायत पर कार्यवाही नहीं

**कोरबा-करतला,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की करतला तहसील के ग्राम नोनदरहा, पहनं 35, रा.नि.मं में स्थित शासकीय भूमि बड़े झाड़ के जंगल (राजस्व रिकार्ड में दर्ज) 648/1 तथा 648 जो कि कोरबा-खरसिया मुख्य मार्ग से लगी भूमि है, पर कब्जा किया जा रहा है। उक्त भूमि ग्राम पंचायत नोनदरहा के मोहल्ला बरभांठा, दर्राखड्डा, रामपुर सड़क से किनारे लगी भूमि पर जब्बार अली पिता सुबेराते अली, सिकंदर अली पिता जब्बार अली, अली पिता जब्बार अली, हामिद अली पिता जब्बार अली के द्वारा अवैध बेजा कब्जा कर निर्माण कार्य कराने की शिकायत कई बार की गई है लेकिन कार्यवाही नहीं हुई है।

ग्रामवासियों की शिकायत के अनुसार उक्त अवैध बेजा कब्जा के संबंध में प्रशासकीय



सहायता हेतु तहसीलदार को टेलीफोन से संपर्क कर अवगत कराया गया तब तहसीलदार ने कहा कि उक्त कार्य हेतु ग्राम पंचायत सक्षम है और ग्राम पंचायत कब्जा रोक सकता है। इसके बाद ग्राम पंचायत नोनदरहा में आवेदन 10/07/2023 को दिया गया। ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित अवैध कब्जाधारियों को 12/07/2023 को सूचना जारी किया गया जिसका तालिमी ग्राम कोटवार द्वारा 18/07/2023 के होना बताया गया। तहसीलदार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत द्वारा अवैध निर्माण कार्य आगामी जांच तक रोकने हेतु पत्र 12/07/2023 को जारी किया गया। इस रोक के बावजूद अपनी राजनीतिक पहुंच एवं धौंस दिखाकर शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य जारी है।

#### चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

ग्राम पंचायत नोनदरहा के निवासियों द्वारा अब कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत की गई है। ग्रामवासियों ने कहा है कि यदि इसके बावजूद निर्माण कार्य पर शासन द्वारा रोक नही लगाई जाती है तो ग्राम निवासियों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आगामी चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

## महिलाओं ने 16 घंटे गौरव पथ पर भारी वाहनों को किया जाम

### एसईसीएल ने मांग अनुरूप कॉलोनी से दीपका मार्ग पर लगाया बेरिकेड्स

**कोरबा-दीपका,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत गौरव पथ मार्ग से सटे हुए आवासीय परिसर में कोल डस्ट, बरसात में कोल कीचड़, सूखे समय में अत्यधिक धूल उड़ने से निवासियों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। कॉलोनी के रहवासियों ने इसकी शिकायत कई मर्तबा एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन के माध्यम से करते हुए ध्यानाकर्षित कराया गया लेकिन प्रबंधन के द्वारा पर्याप्त व्यवस्था को लेकर अनसुना किया गया। जिसे लेकर आवासीय कालोनी की महिलाओं ने गौरव पथ मार्ग पर प्रदर्शन कर भारी वाहनों को 16 घंटे रोक दिया। जब इसकी भनक एसईसीएल के अधिकारियों को लगी तो वे हरकत में आये और महिलाओं से चर्चा किया। उनकी मांग के अनुरूप कॉलोनी से दीपका के मेन मार्केट की ओर जाने वाले जो गौरव पथ मार्ग को क्रास कर जाना पड़ता है, उसी मार्ग को एसईसीएल प्रबंधन ने लोहे के एंगल लगाकर बंद कर दिया। अब इससे कॉलोनीवासीयो को दीपका मेन मार्केट जाने के लिए दिक्कत खड़ी हो गई है।




#### गौरव पथ मुक्ति के लिए आंदोलन जारी

दूसरी ओर गौरव पथ मार्ग की कोयला परिवहन वाले भारी वाहनों से मुक्ति देने के लिए समाजसेवी उमा गोपाल, बंशी दास के द्वारा पांच दिनों तक अनशन करने के उपरांत कटघोरा एसडीएम, दीपका तहसीलदार दीपका थाना प्रभारी, नगर पालिका व एसईसीएल के अधिकारी के मध्य सकारात्मक चर्चा हुई। इसके बाद अनशन खत्म कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अनवरत जारी है। इन्होंने कहा है कि वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था होने तक आंदोलन चलता रहेगा। अधिवक्ता मोहम्मद अब्दुल नफीस खान, शिवचरण, मोहनलाल राजवाड़े ने भी आंदोलन को समर्थन दिया।

## रज्जाक अली ने मांगी सुरक्षा, एसपी को सौंपा आवेदन

### विधायक जयसिंह, पूर्व विधायक श्यामलाल और पुत्र से बताया जान का खतरा



**कोरबा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। करतला जनपद पंचायत के सदस्य रज्जाक अली पिता स्व. गुलजार अली निवासी ग्राम नोनबिर्रा ने अपनी जान की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर गुहार लगाया है। रज्जाक अली ने बताया कि वह सन् 2008 व 2018 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कोरबा विधानसभा से चुनाव लड़ चुका है और वर्तमान में तैयारी कर रहा है। किसी भी समय वह और उसकी पत्नी समीना रज्जाक अली के द्वारा किसी भी क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए जाते हैं। अन्य साथियों के साथ भी जनसंपर्क कर रहा है लेकिन उसे वर्तमान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, रामपुर के पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर एवं उनके पुत्र मोहिन्दर कंवर उर्फ टीटू से भय है क्योंकि उसके ऊपर कभी भी प्राणघातक हमला कर सकते हैं। उसके सहयोगियों के साथ भी कोई घटना, दुर्घटनाकारित हो सकती है एवं मुझे किसी भी झूठे मामले में फंसा सकते हैं। रज्जाक अली ने बताया कि 2018 में शासन द्वारा उसे सुरक्षा मुहैया कराया गया था जिससे कोई भी दुर्घटना उसके साथ नहीं हुई। वर्तमान में भी सुरक्षा मांगने के साथ कहा है कि उसके व सहयोगियों के साथ कुछ भी होता है तो उपरोक्त लोगों की जवाबदारी होगी।

## सार-संक्षेप

# नाग पूजन स्थल पर पूजा-अर्चना की राजेश्री महन्त




**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने दो दिवसीय प्रवास के प्रथम दिवस जांजगीर पहुंचकर पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय वेदप्रकाश शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तदूपरांत वे जांजगीर, नैला तथा खोखसा में शोक-संतप्त परिवार से भेंट मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। शाम के समय उनका आगमन अकलतरा विकासखंड अंतर्गत स्थित गुरुवाईन दाई मंदिर देव किरारी हुआ। यहां ग्राम वासियों के द्वारा अखंड संकीर्तन में वे सम्मिलित हुए। उन्होंने नाग पूजन स्थल पर पूजा-अर्चना की एवं उपस्थित जन समूह को संबाधित करते हुए कहा कि यहां पर ग्राम वासियों के द्वारा भगवान राघवेंद्र सरकार के अखंड रामनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया हैं । इसमें कुछ क्षण के लिए सही हमें भी उपस्थित होने का सौभाग्य मिला, यह सिद्ध स्थल है जहां ग्राम वासियों की अटूट श्रद्धा हैं । उन्होंने नगर के वरिष्ठ नागरिकों से भी सौजन्य भेंट मुलाकात की, इन विभिन्न कार्यक्रमों में विशेष रूप से दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, कमलेश सिंह, देवेश सिंह, रमेश पैगवार, हर प्रसाद साहू, विवेक सिसोदिया, गिरधारी यादव, रफीक सिद्धकी, शिशिर द्विवेदी, ऋषि शर्मा, इंग्लेश सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज पांडे, अनिल तिवारी, रोशन केसरवानी,आलोक शुक्ला, ललित तिवारी, राघवेंद्र पांडे, सुशांत सिंह, भूषण वैष्णव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित हुए ।

# आज से नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारी रहेगें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर




**डभरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के आह्वान पर तहसील डभरा के डॉक्टर, स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पुरूष, शासकीय वाहन चालक, सहित 12 संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। हड़ताल से ओपीडी, प्रसव,इमरजेंसी केस जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहेगी। कर्मचारी 5 सूत्रीय मांगों के लिए आंदोलन कर रहे है जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों और स्टाफ नर्स की वेतन विसंगती, कोविड प्रोत्साहन राशि,13 माह का वेतन डाक्टर का स्टाइपेंड में वृद्धि, सहित सुरक्षा प्रमुख मांग है। स्वास्थ्य संयोजक संघ के अध्यक्ष गोपाल पटेल, जिला प्रवक्ता कौशल पटेल, सरिता ध्रुव महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, ज्योति बंजारे महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष, स्टाफ नर्स राकेश सिदर, लक्ष्मीनारायण पटेल राकेश पटेल, पुष्पेंद्र सिदार, रोहित खूंटे, प्रवीण कठोतिया, मनोज भैना गोविंदशरन पटेल, आरडी सिदार सहित डभरा से लगभग 100 कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहेगें।

# नाले में मिली महिला व दो बच्चियों की लाश की हुई शिनाख्त

### बलरामपुर से मायके गढ़वा झारखंड जाने निकली थी महिला



**रायगढ़** 20 अगस्त (देशबन्धु)। खरसिया क्षेत्र के ऐडु पुल के पास देहजरी नाला के करीब पिछले दिनों मिली महिला व दो बच्चियों का शव मिलने के मामले में अंततः शवों की शिनाख्त कर ली गई है। तीनों बलरामपुर के रहने वाले बताये जा रहे हैं। महिला के परिजन खरसिया पहुंचे हुए हैं, लेकिन उनकी मौत का रहस्य अब तक बरकरार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि घटना को 6 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस को इस मामले में शार्ट पीएम तक मुहैया नही हो सका है। जिसके कारण फिलहाल पुलिस इस मामले में अंधेरे में ही हाथ पांव मारती दिख रही है।

दरअसल सोमवार 14 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे देहजरी गांव स्थित नाला के पास एक महिला व दो बच्चियों की लाश मिली थी। मृतका की पहचान नहीं हो पाने से पुलिस की परेशानी बढ़ गई थी। तीन दिनों तक तीनों के शव को खरसिया अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया था। वहीं उनकी शिनाख्ती के लिए आसपास के गांवों में मुनादी करा कर सोशल मीडिया में उनका फोटो वायरल किया गया था। साथ ही जिले के थानों सहित बॉर्डर के थानों में भी उनका फोटो भेज कर गुम इंसान की खोजबीन की जा रही थी।

इस दौरान सोशल मीडिया के जरिए महिला के परिजन उसे पहचान गए और गुरुवार को खरसिया पहुंचे। जानकारी के अनुसार महिला राबिया परवीन पति अबुल हसन (35) ग्राम बासेन, थाना पास्ता, जिला बलरामपुर की रहने वाली है। उसके चार बच्चे थे। जिसमें गुलस्सा परवीन 3 साल, सीजरा परवीन 6 के अलावा एक लड़का व लड़की शामिल हैं। 8 अगस्त की शाम साढ़े 5 बजे राबिया अपने दो बेटियों गुलस्सा और सीजरा को लेकर घर से निकली और बाहर से दरवाजे का कुंडी लगा दी। इसके बाद उसके पति ने उसे फोन किया, लेकिन फोन नहीं लगा। ऐसे में महिला के पति ने आसपास के लोगों को आवाज देकर कुंडा खुलवाया और अपनी पत्नी से संपर्क करता रहा। इसी बीच एक बार राबिया का फोन लगा तो उसने रिसिव कर कहा कि वह अपने मायके गढ़वा झारखंड जा रही है। इसके बाद उसने फोन को काट कर बंद कर दिया। तब से उसका फोन बंद आ रहा था। इसी बीच उनके लाश की फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई तो परिजनों के होश उड़ गए। महिला का पति, भाई व अन्य लोग खरसिया में डेरा जमाए हुए हैं। पुलिस उनसे लगातार पूछताछ कर रही है।

# मंत्री डॉ. डहरिया ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



## करोड़ों की सौगात दी

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त को नगर आगमन के दौरान नगरीय प्रषासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने अपने पूर्व प्रवास के दौरान नैला के वार्ड क्र.-4 एवं वार्ड 5 के लिये सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन हेतु राशि आबंटित की थी, जिसका लोकार्पण सैकड़ों की तादाद में उपस्थित वार्डवासियों के साथ किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर डॉ. डहरिया का एल्डरमेन रफीक सिद्धिकी की अगुवाई में वार्ड पार्षद श्रीमती भगवंतीन यादव एवं श्रीमती आबिदा बेगम के साथ वार्डवासियों ने ढ़ोल ताशे और आतिश बाजी के साथ गर्म जोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल द्वारा साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट की। अपने उद्बोधन में शिवकुमार डहरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्रों में विकास की गंगा बह रही है। यही वजह है कि नगरीय निकाय मंत्रालय को राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार प्राप्त हुये है।कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्धिकी ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से दिनेश शर्मा, अजा आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, ब्यास कष्यप, हरप्रसाद साहू, सभापति विवेक सिसोदिया व रामबिलास राठौर, उत्तम पाटले, पूर्व पार्षद अरमान खान, शहबाज खान, राजा सिद्धिकी, एल्डरमेन कालू अग्रवाल, राजा खान, खुद्दूश खान, सफीक खान, शिवरीनारायण से मनोज तिवारी, श्रीमती अंजली तिवारी, संतोष शर्मा, अजय दिव्य, शिशिर द्विवेदी, कमलेश सिंह ठाकुर, अहमद रजा, जफीर सिद्धिकी, जिसान सिद्धिकी, तौफिक अली, अनवर खान, उमरदिन मनिहार, अहमद सलाम खान, आसिफ रजा, बाबूलाल सेन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मिली करोड़ो की सौगात

इस दौरान रफीक सिद्धिकी द्वारा जूना तालाब के किनारे उद्यान निर्माण हेतु राशि की मांग की गई। जिसे स्वीकार करते हुये मंत्री द्वारा तत्काल 25 लाख रू. की राशि स्वीकृत की गई। इसके अतिरिक्त सरदार पटेल बालोद्यान के लिये 58 लाख रू. वार्ड क्र.-1 में सामुदायिक भवन के लिये 15 लाख रू., वार्ड 12, 13, 4 व 9 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10-10 लाख रू. मुस्लिम मोहल्ले में निर्मित सामुदायिक भवन उन्नयन के लिये 18 लाख रू. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर उद्यान निर्माण हेतु 25 लाख रू., सतनामी मोहल्ले में सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रू., वार्ड क्र.-4 में बोर खनन सहित मुक्तिधाम नैला से लेकर गिन्नी पेट्रोल पम्प तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 50 लाख रू. लागत से बनाये जाने की घोषणा की गई। नगरवासियों ने डॉ. शिवकुमार डहरिया द्वारा नगर विकास के लिये लगातार दी जा रही राशि के लिये आभार ज्ञापित किया है।

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 20 अगस्त (देशबन्धु)। महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मामले पर चुलिस ने बताया कि 18 अगस्त को पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी जयप्रकाश पटेल पीड़िता के घर अंदर घुसकर बुरी नियत से हाथ बांह पकड़ कर बेइज्जती कर रहा था। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध धारा 452 354 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी जयप्रकाश पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी मड़वा को घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, प्रधान आरक्षक अश्वनी राठौर व अन्य स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।



# दर्जनभर युवकों ने ली कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता



**अकलतरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के सभी वर्गों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से प्रभावित होकर ग्राम तागा के करीब दर्जन भर युवकों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के निवास में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा उन्हे मिठाई खिलाकर एवं गमछा पहनकर स्वागत किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह इन दिनों लगातार दौरा कर रहे हैं तथा लोगों को भूपेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए वंचित लोगों को योजनाओं से जोड़कर लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, इसी कड़ी में गत दिनों वे ग्राम तागा का दौरा किए थे। जिससे प्रभावित होकर ग्राम तागा के दर्जनभर युवक आज अकलतरा स्थित राघवेंद्र सिंह के निवास पहुंचे जहां उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जताई। कांग्रेस जिलाधक्ष राघवेंद्र सिंह ने इन्हें पार्टी का गमछा पहनाकर मुंह मीठा कराया। युवाओं ने आने वाले चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में काम करने का भरोसा दिया है। आज जिन लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की उसमें छत्रपाल टैगौर,शुभम सूर्यवंशी,धरम दीघ्रसकर, विनीत लाठियां, अभिषेक टैगौर, जितेंद्र कुमार, गोविंद लदेर, रितिक कुमार, उजाला कुमार, परमेश कुमार, राहुल के नाम शामिल है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रामशंकर सिंगसर्वा,गगन गुरुद्वान,संतोष यादव,दिग्विजय कौशिक, मुकेश कौशिक,दीपक सूर्यवंशी मौजूद थे।

# सड़कों पर आवारा मवेशी बना राजनीतिक मुद्दा

### प्रशासन ने जोर शोर से रोका -छेका अभियान का पीटा ढिंढोरा,नेता प्रतिपक्ष ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए 15 अगस्त तक का दिया था समय

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। सड़कों पर आवारा मवेशी को भले ही राजनीतिक मुद्दा बना लिया जाए, मगर मवेशियों को सड़कों से हटा पाना लगता है किसी के बस में नहीं, तभी तो एक और जहां प्रशासन ने जोर शोर से रोका -छेका अभियान का ढिंढोरा पीटा। गया कहा यहां तक गया कि सड़कों पर आवारा मवेशी दिखने पर संबंधितों के खिलाफ सीधी कार्यवाही की जावेगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने भी इस पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए 15 अगस्त तक का समय दिया था, मगर अब तक सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा बदस्तुर जारी है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

केरा रोड, कचहरी चौक के अलावा पुराना जिला अस्पताल के सामने मवेशी डेरा डाले रहते हैं इससे आए दिन दुर्घटना भी होती है। मवेशी भूखे होते हैं और सब्जी व अन्य सामान लेकर चल रहे लोगों पर कई बार टूट भी पड़ते हैं। इससे कभी भी अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। नगर पालिका ने पशु मालिकों से जुर्माना लेने की बात कही थी और भाजपा किसान मोर्चा के आंदोलन में नेता प्रतिपक्ष ने 15 अगस्त तक मवेशियों को सड़क नहीं हटाने पर कलेक्टर, एसडीएम व तहसील कार्यालय मेंछोड़ने की चेतावनी दी थी। मगर न तो नगर पालिका ने सड़क से मवेशी हटाए न भाजपाई अपने चेतावनी पर कायम रहे।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार करने व उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य शासन द्वारा महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना की गई है। पंचायतों की शासकीय भूमि पर गोठान का निर्माण कराया गया है ताकि यहां गायों को चारा, पानी की सुविधा मिल सके। साथ ही प्रदेश में खुली चराई को रोकने और फसलों की सुरक्षा के लिए गोठान की व्यवस्था को सशक्त बनाने राज्य शासन द्वारा सभी गांवों में प्रभावी तरीके से रोका - छेका को लागू करने का निर्देश दिया गया है। रोका - छेका को 17 जुलाई से शुरू किया गया है। इन गोठानों के माध्यम से राज्य सरकार रोजगार के नए साधन भी मुहैया करा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर परंपरागत रोका-छेका प्रथा को प्रभावी ढंग से लागू करने गोठानों के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की मदद के लिए गोठानों को यह राशि उपलब्ध कराई जा रही है, मगर मवेशियों का जमावड़ा सड़कों व गांव की गलियों पर लग रहा है। पूरे दिन मवेशी वर्षा में सूखे जगह की तलाश में सड़कों पर बैठे रहते हैं। जिसके चलते सड़कों से होकर गुजरने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां आए दिन राहगीरों व मवेशियों के बीच हुई भिड़ंत के चलते दोनों घायल हो रहे हैं, बाजवूद इसके गोठान समिति बेसहारा मवेशियों को गोठान में रखने के मामले में गंभीर नहीं हैं। जिला मुख्यालय के केरा रोड से कचहरी चौक और नैला में भी बड़ी संख्या में भी मवेशी सड़क पर जमे रहते हैं इससे आवागमन में परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जांजगीर चांपा के बीच खोखसा ओवर ब्रिज पर मवेशियों का जमावड़ा रोज लगता है। नगरपालिका द्वारा मुनादी कराकर मवेशी मालिकों को चेतावनी भी दी गई मगर इसका असर नहीं हुआ। किसी मवेशी मालिक पर जुर्माना भी नहीं हुआ। 7 अगस्त को भाजपा के किसान मोर्चे के आंदोलन में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने सड़क से मवेशी नहीं हटाए जाने पर उन्हें सरकारी कार्यालयों में ले जाकर छोड़ने की चेतावनी दी थी और 15 अगस्त तक का समय दिया गया था। मगर स्थिति जस की तस है और सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है।

## लगाई जा रही रेडियम पट्टी

सड़क पर मवेशियों को हटाने में नाकाम प्रशासन अब पशुधन विकास विभाग के माध्यम से मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगवा रहा है ताकि दुर्घटना से बचा जा सके और वाहन चालकों को रात में भी मवेशी दूर से दिख सके। यह सब सावधानी तो बरती जा रही है मगर मवेशियों को हटवाने कोई कारगर उपाय नहीं किए जा रहे है।

# प्रभात फेरी निकालकर डेस्टिनेशन स्कूल परिवार ने मनाया स्वतंत्रता दिवस




**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर तिरंगा झण्डा फहराया गया। स्कूल के प्राचार्य रवि शंकर निर्मलकर ने बच्चो को स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन की आहुति देने वाल सेनानियों के विषय मे उद्बोधन दिया और उनके योगदान को क्रमवार समझाया। बच्चो के द्वारा स्वतंत्रता के सम्मान और देश सेवा का शपथ लिया गया। तत्पश्चात प्रभात फेरी निकालकर नारा लगाते हुए बच्चे स्कूल से नेताजी चौक तक गए। स्कूल में बच्चो को मिष्ठान बांटा गया।

# विनौधा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**डभरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय विनौधा में 19 अगस्त को बैग लेस होने के कारण संस्था के प्रधान पाठक डीएन पटेल ने स्कूल के छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया भारत मां की रंगोली बनाकर छात्राओं ने मुख्य अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिए एवं मुख्य अतिथियों के हाथों प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सभी रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए संकुल केंद्र खरकेना के शैक्षिक समन्वयक अशोक पटेल उच्च वर्ग शिक्षक रोशन पटेल, परमेश्वर पटेल ने इस कार्यक्रम में भूमिका निभाई, प्रथम पुरस्कार को कुमारी नमिता, कुमारी तृप्ति, कुमारी उषा ने प्राप्त किया द्वितीय पुरस्कार कुमारी मुस्कान, तृतीय पुरस्कार प्रतिभा तनु चौथा पुरस्कार कुमारी रेणु पांचवा पुरस्कार कुमारी त्रिवेणी ने प्राप्त किया। सभी पुरस्कार को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के हाथों वितरित किया गया आगे भी इसी तरह के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे छात्र छात्राओं में पढ़ाई के साथ साथ चित्रकला वाद्य कला के कार्यक्रम होते रहेंगे। स्कूल के प्रधान पाठक पटेल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने से बच्चों में बौद्धिक विकास के साथ साथ नैतिक एवं सर्वांगीण विकास बच्चों में होती है आज के बच्चे कल के भविष्य हैं।

# गौशाला पारा क्षेत्र में हुआ दवा का छिड़काव, चली फागिंग मशीन

**रायगढ़** 20 अगस्त (देशबन्धु)। गौशाला पारा पुलिस लाइन वार्ड 13 में डेंगू नियंत्रण के लिए जनजागुरुकता अभियान के साथ दवा छिड़काव और फागिंग कराया जा रहा है। शनिवार को वार्ड के गलियों मोहल्लों में फागिंग कराया गया।

निगम कमिश्नर सिर्फ सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशन में डेंगू नियंत्रण बचाव के लिए लगातार जन जागरूकता अभियान डोर टू डोर सर्वे दवा का छिड़काव फागिंग एवं डेंगू की जांच किए जा रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 13 गौशालापारा एवं पुलिस लाइन में प्रति दिवस डोर टू डोर सर्वे, संदिग्ध कि डेंगू किट से जांच की जा रही है। इसी तरह लाउडस्पीकर से डेंगू नियंत्रण एवं बचाव के अनाउंसमेंट भी किया जा रहे हैं। मोहल्लों घरों में जाकर मितानिनों द्वारा अपने मोबाइल नंबर दिए जा रहे हैं, जिसपर किसी भी तरह की परेशानी आने पर कॉल करने और जांच इलाज सुविधा उपलब्ध कराने के बात कही जा रही है।

# 18 वर्ष के युवाओं को राजीव गांधी ने दिया मताधिकार

## राजीव गांधी जयंती पर युवा कांग्रेस ने कराया फुटबाल मैच

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। 21 वीं सदी के भारत का सपना संजोये विश्व के सबसे कम उम्र के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी पंचायती राज को मजबूती प्रदान करने वाले और देश में संचार क्रांति के प्रमुख सूत्रधार करने वाले देश के सर्वमान्य नेता थे।

उक्त बातें पंचायती राज संगठन के प्रदेष संयोजक दिनेश शर्मा ने जिला युवा कांग्रेस के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की 79 वीं जन्म जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देश में कम्प्यूटर और मोबाइल को लेकर जो क्रांति आई है वह राजीव की ही देन है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि राजीव जी के सपनों को साकार करने देश में हिंसा,नफरत और डर के माहौल को हटाकर अहिंसा, प्रेम और आपसी भाईचारा मजबूत करने का संकल्प लेकर यहां से जायें। विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह ने कहा कि राजीव गांधी देश की युवा शक्ति को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने वाले पहले राजनेता थे । उन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार दिया, तथा सत्ता के विकेन्द्रीकरण की दिशा में राजीव गांधी ने सार्थक पहल करते हुए त्रि-स्तरीय पंचायत राज की स्थापना की। कार्यक्रम को अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धिकी, मण्डी अध्यक्ष ब्यास कष्यप ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया, संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने एवं आभार प्रदर्शन वरिश्ठ इंका नेता देवेश सिंह ने किया।



## 6 टीमों ने भाग लिया

जिला युवा कांग्रेस द्वारा हाई स्कूल मैदान में जिला स्तरीय फुटबाल मैच का आयोजन रखा गया। जिसमें जिले के 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मड़वा पावर प्लांट विरूद्ध जांजगीर 11 के मध्य हुआ। रोमाचंक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में जांजगीर की टीम 3-1 की निर्णायक बढ़त लेकर विजेता रही। मैच के रेफरी राहुल सिंह थे, कामेंट्री अनिल राठौर ने किया। मैच उपरांत अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 5100 रू. एवं शील्ड एवं उपविजेता टीम को 3100 रू. एवं शील्ड प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिये कुणाल एवं निलेश को पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम की ओर से कप्तान राहुल भवानी, सुमित यादव, विक्की कहरा, दुश्यंत चौबे, वासु राठौर, संजीव साहू, तेजस मानिकपुरी, चन्द्रमणी साहू ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

वहीं उपविजेता टीम की ओर कप्तान अभिषेक सिंह, दिलीप तिग्गा, नरेन्द्रराम, धनेष्वर भाखला, देवव्रत बनर्जी, विशाल महेन्द्र, हमेन्द्र पटेल, पीयुश ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव गांधी युवा मितान क्लब के राजेश राठौर, मयंक थवाईत, भोलू यादव, राजा सिद्धिकी का विषेश योगदान रहा। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद मुन्ना सिंह, एल्डरमेन कालू अग्रवाल, राजू शर्मा, परमेष्वर निर्मले, दिनेश महंत, रफीक खान, संतोश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

